<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के संगणक अभियंत्रण विभाग में क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन</u>

पंतनगर। 18 मार्च 2026। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय स्थित संगणक अभियंत्रण विभाग में बीआईएस स्टूडेंटस चैप्टर एवं नेटवर्कस विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 100 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस कार्यक्रम का ओजन बीआईएस स्टूडेन्ट चैप्टर संगणक अभियंत्रण विभाग द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को कम्प्यूटरस एण्ड नेटवर्कस के मानकीकरण एवं गुणवत्ता से संबंधित बीआईएस मानकों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रथम स्थान पर बी. टैक तृतीय वर्ष की छात्रा रूपा यादव रहीं, जिन्हें रू. 5000 हजार का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया। द्वितीय स्थान पर एम.टैक के छात्र भानू प्रताप सिंह एवं बी.टैक के द्वतीय वर्ष के पुलकित रौतेला रहे, जिन्हें रू 2000–2000 हजार की नकद राशि प्रदान की गयी। तृतीय स्थान पर अंशिका गोयल, रोहन कौल एवं लोकेश ओली रहे, जिन्हें रू. 1000–1000 हजार का नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रौद्य ोगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डा. एस.एस. गुप्ता रहे। इस अवसर पर डा. लोकेश वार्ष्णेय, अधिष्ठाता, पोस्ट ग्रेजुऐट स्टडीज़, डा. एस.डी. सामन्तराय, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, डा. राजीव सिंह, बीआईएस मेंटर, प्रो. भूपेश कुमार सिंह, प्रो. जलज शर्मा तथा डा. सी.एस. नेगी, सह–प्राध्यापक, संगणक अभियंत्रण विभाग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेजाओं को पुरस्कार प्रदान किये तथा छात्रों को गुणवत्ता एवं मानकीकरण के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन बीआईएस स्टूडैंट चैप्टर की टीम द्वारा किया गया, जिसकी सभी उपस्थित जनो ने सराहना की।